आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्रीय युवा और खेल मंत्री ने कहा–सरकार का लक्ष्य खेलों को संस्कृति और जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाना है।
- इलैक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा है कि इस वर्ष भारत में पहली चिप जारी कर दी जाएगी।
- प्रशासन तेईस मार्च तक कर्मयोगी भारत के सहयोग से स्टेट लर्निंग वीक का आयोजन कर रहा है।
- भारतीय सेना में अग्नि वीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

<><><><><><><>

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य खेलों को संस्कृति और जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाना है। कल नई दिल्ली में फिट इंडिया कार्निवल के उद्घाटन सत्र में उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ समाज देश को विकसित भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ाता है। श्री मांडविया ने फिट इंडिया साइकिल पहल से होने वाले फायदों के बारे में एक पुस्तिका भी जारी की।

<><><><><><><>

इलैक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि इस वर्ष भारत में पहली चिप जारी कर दी जाएगी। श्री वैष्णव ने कल चेन्नई में आई आई टी छात्रों से संवाद में कहा कि अगले दो वर्ष में देश में भारत निर्मित चार चिप जारी हो जाएंगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के पास तेज मेधावी प्रतिभा है जो किसी भी क्षेत्र का डाटा विकसित करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि भारत जल्दी ही तकनीकी नियमन तय करेगा, जो डीप फेक से संरक्षण प्रदान करेगा।।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन और वन्डूर टूरिस्ट बोर्ड ऑपरेटर्स एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास से हाल ही में जॉलीबॉय आइलैण्ड डेस्टीनेशन प्रोमोशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इको टूनिज़्म को बढ़ावा देना, पर्यटन उद्योग में सतत विकास का प्रोत्साहन करना और पर्यटकों के अनुभव को समृद्ध बनाना है। इस अवसर पर इंडिया टूरिज़्म के उप–निदेशक वेल मुरूगन, वन्डूर टूरिस्ट बोर्ड ऑपरेटर्स एसोसिएशन के कार्यकारी सदस्य एवं बोट मालिक गणेश प्रकाश पर्यटन क्षेत्र के विशेषज्ञ, सरकारी प्रतिनिधि और पर्यावरण विदों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर एन्टोवा के अध्यक्ष सिमसन ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए कहा कि द्वीपसमूह में प्राकृतिक उपहार की कमी नही है, ज़रूरत है तो ऐसे द्वीपों को पर्यटकों के समक्ष लाने की, जिससे न केवल पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि राजस्व और युवाओं के लिए रोज़गार के कई अवसर भी सामने आएंगे।

<><><><><><><>

भारतीय सेना में अग्निवीर पुरूष एवं महिला भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। भर्ती वर्ष 2025–26 के लिए दस अप्रैल दो हजार पच्चीस तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह भर्ती अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के युवाओं के लिए भी आयोजित कर जा रही है। इस भर्ती के तहत विभिन्न पदो ंके लिए आवेदन मांगे गए है। इच्छुक उम्मीदवार अधिकतम दो श्रेणियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन केवल भारतीय सेना के आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic. in पर किया जा सकता है। चयनित उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा जून माह में आयोजित की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संबंधित वेबसाइट देखा जा सकता है।

<><><><><><><>

अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता और आजीविका कार्यक्रम के तहत ई आई ए सी पी सेंटर, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण केन्द्र के संयुक्त सहयोग से एक ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वन और भोजन विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता का उददेश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रकृति और भोजन के बीच संबंध को रचनात्मक तरीके से व्यक्त करना है। इस प्रतियोगिता में स्कूल और कॉलेज के छात्र, शिक्षक और शोधकर्ता भाग ले सकते हैं।

चित्रकला जे पी ई जी फारमेट में होनी चाहिए, जिसे आज शाम पांच बजे तक ई–मेल द्वारा भेजा जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट अथवा फोन नम्बर–दो तीन तीन एक चार आठ पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

<><><><><><><>

अक्षरा इंटरप्राइज़ के सहयोग से बिल्लीग्राउंड प्रीमीयर लीग क्रिकेट टुर्नामेंट का आयोजन किया गया। बिल्लीग्राउंड में खेला जा रहा यह टुर्नामेंट इक्कतीस मार्च तक चलेगा, जिसमें इक्कीस मैच खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में रंगत–मायाबंदर ब्लॉक से कुल सात टीमें हिस्सा ले रही है। इस अवसर पर मायाबंदर तहसील की प्रमुख शीबानी मजूमदार मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने पहला शॉट खेल कर इस टुर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के टुर्नामेंट हमारे युवाओं को प्रेरित करने और उन्हें खेलों में सक्रिय रखने के लिए एक शानदार प्रयास है। यह टुर्नामेंट न केवल क्षेत्र के क्रिकेट प्रतिभाओं को सामने लाने का मंच बनेगा, बल्कि युवाओं में खेल संस्कृति को भी प्रोत्साहित करेगा। प्रतियोगिता का फाइनल मैच आठ अप्रैल को खेला जाएगा।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण तहत, पंचायती राज निदेशालय और शहरी स्थानीय निकायों से संबंधित ब्लॉक कार्यालयों में बाईस तारीख को एक राज्य स्तरीय वीडियो मेकिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का विषय हैं– गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका गांव; स्वस्थ गांव; बाल–सुलभ गांव; जल पर्याप्त गांव; स्वच्छ और हरा–भरा गांव; आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव; सामाजिक रूप से न्यायसंगत और सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव; सुशासन वाला गांव और महिला अनुकूल गांव। प्रतियोगिता सभी के लिए खुली है। सभी इच्छुक स्कूल और कॉलेज के छात्रों के साथ–साथ आम जनता को इस विषय पर आई ई सी वीडियो मेकिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता के इच्छुक उम्मीदवारों को मूल रूप से एच डी गुणवत्ता वाला वीडियो शूट करना होगा और सीडी या पेन ड्राइव को संबंधित बी डी ओ, कार्यालय में बाईस मार्च तक जमा करना होगा।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

विभिन्न श्रेणियों के तहत भारतीय सेना में अग्निवीरों की भती के लिए विंडो ंके खुलने के समाचार को द्वीप समाचार और द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। द्वीप समाचार ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अण्डमान तथा निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा वायु गुणवत्ता मापदण्डों की निगरानी के लिए एक सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन स्थापित करने के समाचार को अपने प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित किया है। ओग्राब्राज में सडक सुरक्षा जागरूकता शिविर आयोजित होने के समाचार को – द डेली टेलीग्राम्स ने अपने प्रथम पृष्ठ के निचले भाग में जगह दी है।

बिल्लीग्राउंड में प्रीमीयर लीग क्रिकेट टुर्नामेंट के आयोजन से गांव के युवको में खासी उत्साह के समाचार को इको ऑफ इंडिया ने अपने ंअंतिम पन्ने में जगह दी हैं।

<><><><><><><>